Jagran

Uttar Pradesh paved the way for the recruitment of operators in Transport

कानपुर, जागरण संवाददाता: उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में पिछले एक वर्ष से रुकी 1690 परिचालकों की भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने मंजूरी दे दी है और इसी माह चयनित आवेदकों को नियुक्ति पत्र मिल जायेगा।

शुक्रवार को मुख्य सचिव परिवहन के साथ रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक हुई थी। यूनियन के प्रदेश प्रतिनिधि वीएस वाजपेयी ने बताया कि पिछले वर्ष 1690 युवकों का चयन परिचालक के पद पर हुआ था, जिसमें कानपुर परिक्षेत्र के करीब 250 आवेदक हैं। उनके मुताबिक इसी माह नियुक्ति पत्र जारी हो जाएंगे।

संविदा कर्मियों को 16900 रुपये
उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में प्रदेश में लगभग 30,000 संविदा कर्मी हैं। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के नेता अशोक गुप्ता व अंबादत्त त्रिपाठी ने बताया कि संविदा कर्मियों को प्रतिमाह न्यूनतम वेतन 16,900 रुपये मिलेंगे। ये वेतन उन्हीं संविदा कर्मियों को मिलेगा, जिन्होंने रोडवेज में पांच वर्ष पूरे कर लिये हैं।

परिचालकों की भर्ती पर शासन से अभी कोई लिखित आदेश नहीं आया है। आदेश आते ही उसका पालन कराया जायेगा।